# पाक आतंकी हमले में 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

n पाकिस्तानी सेना का 12 आतंकियों को मार गिराने का दावा n चौकी में घुसने की कोशिश नाकाम



**पेशावर, 25 जुलाई. पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को सुरक्षा बलों पर हुए बड़े आतंकी हमले में 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि सेना ने जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है.**

यह हमला एक सुरक्षा चौकी पर किया गया, जहां आत्मघाती हमलावरों और भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने समन्वित तरीके से हमला बोला. घटना के बाद पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और सुरक्षा एजेंसियां व्यापक तलाशी अभियान चला रही हैं. आतंकियों ने पहले सुरक्षा चौकी में घुसने की कोशिश की, लेकिन तैनात जवानों ने उन्हें रोक दिया. जब घुसपैठ की कोशिश विफल हो गई तो हमलावरों ने विस्फोटकों से भरे एक वाहन को चौकी की बाहरी दीवार से टकरा दिया. भीषण विस्फोट के कारण चौकी का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कई सुरक्षाकर्मी इसकी चपेट में आ गए. सेना के अनुसार, इस हमले में 12 सैनिक, दो पुलिसकर्मी और वन विभाग के एक पूर्व अधिकारी की जान गई. हमले के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू की. सेना का दावा है कि मुठभेड़ में 12 आतंकियों को मार गिराया गया और चौकी पर कब्जा करने की उनकी योजना को विफल कर दिया गया. अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र की घेराबंदी कर अन्य संदिग्ध आतंकियों की तलाश की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच जारी है.

> प्रारंभिक जांच में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर हमले का संदेह जताया गया है. हालांकि, समाचार लिखे जाने तक टीटीपी ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा नहीं किया था. पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि टीटीपी के लड़ाकों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाने मिलते हैं, जहां से वे सीमा पार कर हमले करते हैं.

# सिर्फ एक मुस्लिम देश के पास परमाणु हथियार

## वर्तमान में 9 देशों के पास परमाणु हथियार होने का अनुमान

**नई दिल्ली, 25 जुलाई.** दुनिया में वर्तमान समय में नौ देशों के पास परमाणु हथियार होने का अनुमान लगाया जाता है, लेकिन 57 मुस्लिम बहुल देशों के समूह में केवल पाकिस्तान ही ऐसा देश है जिसने आधिकारिक रूप से परमाणु हथियार विकसित किए हैं.

पाकिस्तान ने मई 1998 में बलूचिस्तान के चागई क्षेत्र में सफल परमाणु परीक्षण कर खुद को दुनिया की सातवीं और मुस्लिम जगत की पहली परमाणु शक्ति घोषित किया था. इसके बाद से वह अपनी रणनीतिक सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मानता है. पश्चिम एशिया में ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से



अंतरराष्ट्रीय राजनीति का प्रमुख विषय बना हुआ है. ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण ऊर्जा उत्पादन और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए है, जबकि अमेरिका, इजरायल और कई पश्चिमी देशों को आशंका है कि इसका इस्तेमाल भविष्य में परमाणु हथियार बनाने के लिए किया जा सकता है. इसी वजह से क्षेत्र में लगातार तनाव बना हुआ है. इन हालातों के बीच सऊदी अरब की चिंता भी बढ़ी है. सऊदी नेतृत्व कई बार सार्वजनिक रूप से संकेत दे चुका है कि यदि ईरान परमाणु हथियार हासिल करता है, तो सऊदी अरब भी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विकल्पों पर विचार करेगा.

# टीईटी पेपर लीक का मास्टरमाइंड धराया

**पुणे, 25 जुलाई.** महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामले में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे कथित मास्टरमाइंड बिजेंद्र कुमार गुप्ता को बिहार से गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी तक पहुंचने का दावा किया है.

### ▸ जूते में छिपाकर निकाला था टीईटी पेपर

भिवंडी पुलिस और एसआईटी की संयुक्त कार्रवाई के बाद आरोपी को पुणे एयरपोर्ट लाया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए भिवंडी ले जाया जा रहा है. जांच एजेंसियों का मानना है कि बिजेंद्र की गिरफ्तारी से पेपर लीक रैकेट से जुड़े कई



बड़े खुलासे हो सकते हैं. बिजेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने सहयोगी सोनू के साथ मिलकर प्रश्नपत्र छापने वाले प्रिंटिंग हाउस के कर्मचारियों को पैसों और प्रॉपर्टी का लालच दिया. इसके बाद परीक्षा का गोपनीय प्रश्नपत्र जूते में छिपाकर प्रिंटिंग हाउस से बाहर निकाला गया. बाहर आने के बाद इसकी कई प्रतियां तैयार की गईं और उन्हें महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों, खासकर भिवंडी और पुणे में बेचा गया.

> पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि प्रश्नपत्र की शुरुआती खरीद करीब आठ हजार रुपये में हुई थी, जबकि बाद में इसे बड़ी रकम लेकर कई अभ्यर्थियों तक पहुंचाया गया. जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क में करीब डेढ़ करोड़ रुपये के लेन-देन की भी पड़ताल कर रही हैं. हालांकि इस वित्तीय लेन-देन की

## आज का इतिहास

- 1844- भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म.
- 1874- महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक और दलितों के हितेषी छत्रपति साहू महाराज का जन्म.
- 1876- कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना.
- 1945- विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया.
- 1951- नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया.
- 1953- कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत.

# हम धर्मेंद्र प्रधान के साथ खड़े हैं : नितिन नवीन

**नई दिल्ली, 25 जुलाई. केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनके प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है.**


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने व्यक्तिगत पद से ऊपर उठकर बड़े हितों को प्राथमिकता दी है और उनका यह निर्णय सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, जवाबदेही तथा निस्वार्थ सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है.



नितिन नबीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में देश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में व्यापक और दीर्घकालिक बदलाव लाने की क्षमता रखती है. उनके नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधार भविष्य की पीढ़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे.

### अब नीट व्यवस्था में सुधार की उम्मीद



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे देश के युवाओं के संघर्ष की जीत और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं ने जिस धैर्य और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई, उसका असर आखिरकार देखने को मिला. केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर के युवाओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी जानी चाहिए. उनके अनुसार, यह केवल किसी एक व्यक्ति के इस्तीफे का मामला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज सुने जाने का महत्वपूर्ण उदाहरण है. उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोगों के मन में यह धारणा बन रही थी कि सरकारें आम नागरिकों की बातों को गंभीरता से नहीं लेतीं, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने इस सोच को बदलने का अवसर दिया है. आप प्रमुख ने कहा कि छात्रों ने लगातार अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखा और व्यापक जनसमर्थन भी मिला.

## एक नजर में

### स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफल

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने टेक्सास स्थित स्टारबेस से अपने मेगा रॉकेट स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है. लॉन्च के लाइव प्रसारण (ब्रॉडकास्टिंग) में यह जानकारी दी गयी है. स्टारशिप रॉकेट ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 22:51 बजे (भारतीय समय अनुसार शनिवार तड़के 4:21 बजे) उड़ान भरी. रॉकेट के ऊपरी हिस्से ने परीक्षण उड़ान के दौरान हिंद महासागर में नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने और पानी में सुरक्षित उतरने की प्रक्रिया पूरी की. रॉकेट अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 23:57 बजे (भारतीय समय अनुसार शनिवार तड़के 5:27 बजे) हिंद महासागर में उतरा. स्पेसएक्स के अनुसार, एक घंटे से कुछ ज्यादा समय तक चली इस उड़ान के दौरान 20 स्टारलिंक वी3 उपग्रहों का सफल उप-कक्षीय परीक्षण किया गया और अंतरिक्ष में रैप्टर इंजन को पुनः चालू करने में सफलता मिली.

### सिरोही में भी चांदीपुरा वायरस

**जयपुर.** राजस्थान में चांदीपुरा वायरस का खतरा अब एक और जिले तक पहुंच गया है. डूंगरपुर में जुलाई के तीसरे सप्ताह में एक बच्ची की मौत के बाद अब सिरोही जिले में भी एक मासूम की मौत का मामला सामने आया है. लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है. प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य टीमों को सक्रिय कर निगरानी बढ़ा दी गई है और लोगों को संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है. डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा उपखंड के रतनपुरा गांव में 15 जुलाई को एक बच्ची की मौत हुई थी. जांच के बाद उसकी मौत का कारण चांदीपुरा वायरस संक्रमण बताया गया. इसके बाद सिरोही जिले में भी एक बच्ची की मौत ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता और बढ़ा दी है. लगातार दो जिलों में सामने आए मामलों के बाद राजस्थान और गुजरात की सीमा से लगे क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है.

### सोना तस्करों पर डीआरआई का शिकंजा

**नई दिल्ली.** सोने की तस्करी में सक्रिय संगठित गिरोहों के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय ने देशभर में व्यापक अभियान चलाकर 27 किलोग्राम से अधिक विदेशी मूल का तस्करी का सोना जब्त किया है. इन कार्रवाइयों में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. वित्त मंत्रालय के अनुसार, तस्करों द्वारा सोना छिपाने के ऐसे नए तरीके सामने आए हैं, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी बड़ी चुनौती बन रहे हैं. डीआरआई की सबसे बड़ी कार्रवाई मुंबई में हुई, जहां अदीस अबाबा से आए एक विमान के शौचालय की छत के पैनलों के भीतर छिपाई गई करीब 12 किलोग्राम वजन की छह सोने की ईंटें बरामद की गईं. जांच में पता चला कि तीन यात्री सोने को विमान के शौचालय में छिपाकर गए थे, ताकि बाद में हवाई अड्डे के कुछ कर्मचारियों की मदद से उसे बाहर निकाला जा सके. इस मामले में तीनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

### पैलेट गन और इलेक्ट्रिक शॉक पर रोक

**नई दिल्ली,** दिल्ली में जंतर-मंतर पर जारी छात्रों के प्रदर्शन के बीच रैपिड एक्शन फोर्स ने भीड़ नियंत्रण की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है. आरएएफ की महानिरीक्षक की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार अगले आदेश तक पैलेट गन, दंगारोधी गन, इलेक्ट्रिक शॉक डिवाइस और इलेक्ट्रिक शील्ड का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा. साथ ही इन उपकरणों को दिल्ली में तैनात आरएएफ जवानों को जारी करने पर भी रोक लगा दी गई है. यह निर्णय मौजूदा परिस्थितियों का आकलन करने के बाद लिया गया है. सभी इकाइयों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए.

## केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने दर्ज कराई एफआईआर


# डीपफेक वीडियो पर भड़के पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अपने कथित डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ा रुख अपनाया है.

उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद परिसर के बाहर मीडिया से हुई

### ▸ फर्जी वीडियो पर एक्शन लेने को कहा

उनकी वास्तविक बातचीत के वीडियो के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से छेड़छाड़ की गई और उसे पूरी तरह अलग अर्थ देने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया. मंत्री के अनुसार, यह केवल



तकनीकी छेड़छाड़ नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित करने और गलत सूचना फैलाने की सुनियोजित कोशिश है. शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि उनकी मूल वीडियो को एडिट कर डीपफेक तैयार किया गया है. उन्होंने इसे दुर्भावनापूर्ण गतिविधि बताते हुए कहा कि इस तरह के फर्जी वीडियो लोकतांत्रिक व्यवस्था और सार्वजनिक विश्वास के लिए गंभीर खतरा हैं. इसके बाद उन्होंने दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई.

> शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो सबसे पहले किस सोशल मीडिया अकाउंट से साझा किया गया, इसे तैयार करने में किन तकनीकी साधनों का उपयोग किया गया. साइबर विशेषज्ञ भी वीडियो की तकनीकी जांच में जुटे हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वीडियो में किस स्तर की एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया.

### सिंधु जल विवाद पर आंदोलन की चेतावनी

**कराची.** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सिंध इकाई ने सिंधु नदी के जल हिस्से को लेकर संघीय सरकार के खिलाफ अपना विरोध तेज करने की चेतावनी दी है. पार्टी का कहना है कि यदि सिंध के साथ कथित जल अन्याय जारी रहा तो आंदोलन को पूरे प्रांत में व्यापक स्तर पर फैलाया जाएगा. कराची के लियारी इलाके में आयोजित रैली का नेतृत्व पीपीपी सिंध के अध्यक्ष निसार खुह्रो ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. प्रदर्शन के दौरान मरसूं, सिंधु ना देसूं जैसे नारों के साथ सिंध के जल अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई गई. रैली को संबोधित करते हुए निसार खुह्रो ने आरोप लगाया कि वर्ष 1991 के जल बंटवारा समझौते के तहत सिंध को मिलने वाला पानी विभिन्न लिंक नहरों के जरिए दूसरी ओर मोड़ा जा रहा है.



## 6 दिन बाद फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

# 6,269 श्रद्धालु हुए रवाना

**जम्मू, 25 जुलाई.** लगातार छह दिनों तक खराब मौसम और भूस्खलन की वजह से स्थगित रही श्री अमरनाथ यात्रा शनिवार को फिर से शुरू हो गई.

मौसम में सुधार होने और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के यातायात के लिए खुलने के बाद जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 6,269 श्रद्धालुओं का नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना किया गया. यात्रा दोबारा शुरू होने से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है.

यात्रा को 19 जुलाई को एहतियातन रोक दिया गया था. लगातार हो रही बारिश के कारण पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ था, जिससे यात्रा मार्ग प्रभावित हो गया था. सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया था.

> मौसम सामान्य होने के बाद प्रशासन ने यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला लिया. जम्मू से रवाना हुए श्रद्धालुओं के काफिले को सुरक्षा बलों की निगरानी में घाटी की ओर भेजा गया.

### संत गजानन महाराज पर स्मारक सिक्के की मांग

**नई दिल्ली, 25 जुलाई.** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने भारत सरकार से संत गजानन महाराज के 150वें प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में 150 रुपये का स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी करने की मांग की है. इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया तथा संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर संबंधित मंत्रालयों से प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करने का आग्रह किया है.

# असम से गुजरात तक बारिश का प्रहार

## गुजरात में एनडीआरएफ का बड़ा रेस्क्यू अभियान

**गुवाहाटी, 25 जुलाई।** देश के कई राज्यों में मानसून का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है. सबसे ज्यादा प्रभावित असम में बाढ़ की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है. राज्य में अब तक 61 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि नौ जिलों के सात लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं.

### ▸ पीएम मोदी ने असम के सीएम की बात

बीते 24 घंटों में 14 लोगों की मौत दर्ज की गई, जिससे हालात की गंभीरता का अंदाजा लगाया



जा सकता है. चराइदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, होजाई, जोरहाट, कार्बी आंगलोंग, नागांव और शिवसागर सबसे अधिक प्रभावित जिलों में शामिल हैं. कई गांवों का संपर्क टूट गया है और हजारों परिवार राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बातचीत कर बाढ़ की ताजा जानकारी ली. उधर गुजरात में भी भारी बारिश ने कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं. अहमदाबाद के ढोलका और नवसारी सहित कई इलाकों में एनडीआरएफ ने राहत अभियान चलाकर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला.

### ▸ केदारनाथ यात्रा में गुजरात के एक श्रद्धालु की मौत

**देहरादून.** उत्तराखंड में केदारनाथ की यात्रा पर आए गुजरात के एक श्रद्धालु की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी. आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रुद्रप्रयाग जनपद के कालीशिला क्षेत्र में कल हृदयाघात के कारण अचेत हुए गुजरात निवासी पर्वत भाई (44) का जिला प्रशासन, यूकाडा, डी.डी.आर.एफ., पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से प्रतिकूल मौसम और दुर्गम परिस्थितियों के बीच रेस्क्यू कर हेलीकॉप्टर से देहरादून भेजा गया था. जहां उन्हें मैक्स अस्पताल में ले जाया गया. चिकित्सकों ने उन्हें देर रात मृत घोषित कर दिया. उल्लेखनीय है कि काली शिला की अत्यंत विषम भौगोलिक और मौसम की परिस्थिति में पीड़ित व्यक्ति को एयरलिफ्ट किए जाने के लिए अत्यन्त कठिनाई के बीच हेलिकाप्टर ने सुरक्षित लैंड कर उन्हें लिफ्ट किया था.

## हस्तियों के ट्वीट



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा की. उन्होंने लिखा कि उन्हें आज कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिला. ओबामा ने कहा कि ऑल-स्टार वीकेंड के दौरान ओबामा प्रेसिडेंशियल सेंटर के 'होम कोर्ट' पर पहुंचना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा. उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा और खेल भावना की सराहना करते हुए इस आयोजन को प्रेरणादायक बताया.



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक्स पर भारतीय दल को राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मैदान पर उतरेंगे, तब 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदें और आशीर्वाद खिलाड़ियों के साथ होंगे. मुख्यमंत्री ने ओडिशा के तपन मोहंती, तपेश्वरनाथ दास, प्रणति नायक, दिनेश कुमार और अनिमेष कुजूर को विशेष शुभकामनाएं देते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की कामना की.

## संबोधन ▸ गोलीबारी के बाद पहली बार डिनर में पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# हम राजनीतिक हिंसा के सामने नहीं झुकेंगे

**वॉशिंगटन, 25 जुलाई.** गोलीबारी की घटना के बाद पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में हिस्सा लिया. सैकड़ों पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि वह अगले वर्ष भी इस परंपरागत आयोजन में शामिल होंगे. उनके इस ऐलान का उपस्थित लोगों ने तालियों से स्वागत किया.

अपने संबोधन में ट्रंप ने अप्रैल में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डिनर के दौरान



हुई गोलीबारी की घटना का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि उस हमले ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और सार्वजनिक जीवन पर हिंसा के खतरे को उजागर किया. ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेदों का समाधान गोलियों से नहीं, बल्कि खुली, मजबूत और तथ्यपरक बहस से होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अमेरिका राजनीतिक हिंसा के सामने कभी नहीं झुकेगा. राष्ट्रपति ने फायरिंग में घायल हुए सीक्रेट सर्विस अधिकारी विक्टर गोंजालेज की बहादुरी की सराहना की और सीक्रेट सर्विस, मेट्रोपॉलिटन पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का धन्यवाद किया. उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की तत्परता के कारण स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सका. कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं. ट्रंप ने यह भी बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद उन्हें अपने पहले से तैयार अधिक आक्रामक भाषण में बदलाव करना पड़ा.

> उन्होंने कहा कि परिस्थितियों ने उन्हें अपने संदेश का स्वर बदलने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने लोकतंत्र, एकजुटता तथा सार्वजनिक संवाद पर अधिक जोर दिया. करीब एक घंटे के भाषण में ट्रंप ने मीडिया के कुछ वर्गों की आलोचना भी की, लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस प्रेस कोर की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं. उन्होंने व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के काम का भी उल्लेख

### जापान को फिर से सैन्य ताकत बढ़ाने से रोकना चाहिए : वांग यी

**बीजिंग, 25 जुलाई.** चीन ने कहा है कि चीन-रूस को दूसरे विश्व युद्ध में मिली जीत के नतीजों की रक्षा करनी चाहिए और जापान को फिर से हथियार उठाने से रोकना चाहिए. चीनी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को शीर्ष चीनी राजनयिक के हवाले से कहा, दोनों देशों को रणनीतिक तालमेल को मजबूत करना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध में मिली जीत के परिणामों की रक्षा करनी चाहिए और किसी भी परिस्थिति में जापान फिर से हथियार उठाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए. चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने रूसी समकक्ष सर्जेई लावरोव से शुक्रवार को किर्गिस्तान में मुलाकात की.